मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-171
29/03/2025

मुख्यमंत्री ने 715 सहायक उर्दू अनुवादकों को प्रदान किया नियुक्ति पत्र, दी बधाई एवं शुभकामनाएं

पटना, 29 मार्च, 2025 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित 'संवाद' में आयोजित कार्यक्रम में 715 सहायक उर्दू अनुवादकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने मोहतरमा शना, मोहम्मद फिरोज आलम, मोहतरमा फातमा नूरी, श्रीमती अनु कुमारी, मोहम्मद मासुम आलम, मोहतरमा गुलशन फिरदौस, मोहम्मद शाहिद रसी, श्री राजकुमार आजाद को सांकेतिक रूप से नियुक्ति पत्र प्रदान किया। मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित 'संवाद' में कार्यक्रम के दौरान उपस्थित 50 सहायक उर्दू अनुवादकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया शेष लोगों को जिलों में नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया।

इस अवसर पर दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करने के पश्चात् मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि कार्यक्रम में उपस्थित मैं सभी लोगों का स्वागत एवं अभिनंदन करता हूँ। आज बहुत खुशी की बात है कि 715 सहायक उर्दू अनुवादकों को नियुक्ति पत्र दिया जा रहा है। इनमें से 50 सहायक उर्दू अनुवादकों को यहाँ से नियुक्ति–पत्र दिया जा रहा है, शेष युवाओं को आज ही सभी जिलों में नियुक्ति–पत्र वितरित किया जा रहा है। मैं सभी नवनियुक्त सहायक उर्दू अनुवादकों को बधाई देता हूँ। उन्होंने कहा कि उर्दू अनुवादक, उर्दू निदेशालय के अंतर्गत कार्य करते हैं जो मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के अधीन आता है। ये कर्मी जिला, अनुमंडल एवं प्रखंड स्तरों के कार्यालयों में उर्दू लिखने–पढ़ने एवं उर्दू भाषा के प्रचार–प्रसार का कार्य करते हैं।

मुख्मयंत्री ने कहा कि वर्ष 2005 से पहले सहायक उर्दू अनुवादको के मात्र 449 पद थे जो जरूरत के हिसाब से काफी कम थे। वर्ष 2018 में 1,204 नये पद स्वीकृत किये गये और सहायक उर्दू अनुवादकों की संख्या को बढ़ाकर 1,653 कर दिया गया। उन्होंने कहा कि इसी के तहत आज 715 सहायक उर्दू अनुवादकों को नियुक्ति पत्र दिया जा रहा है तथा शेष पदों पर बहाली की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब हमने तय कर दिया कि सहायक उर्दू अनुवादकों के पदों को बढ़ाकर दो गुणा कर दिया जाय। इससे सहायक उर्दू अनुवादकों की संख्या बढ़कर 3,306 हो जायेगी। जो सहायक उर्दू अनुवादकों की वर्ष 2005 से पहले की संख्या के 7 गुणा से भी अधिक हो जायेगी। हमने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि खाली पदों एवं नये पदों पर तेजी से बहाली की जाय। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग को धन्यवाद देता हूँ। मैं सभी नवनियुक्त सहायक उर्दू अनुवादकों को बधाई एवं शुभकामनायें देता हूँ और उम्मीद करता हूँ कि सभी अपने कार्यों का बेहतर ढंग से निर्वहन करेंगे।

कार्यक्रम में शिक्षा विभाग तथा मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ ने मुख्यमंत्री को पुस्तक भेंटकर स्वागत किया।

कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन सह संसदीय कार्यमंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मो0 जमा खान, मुख्य सचिव श्री

अमृतलाल मीणा, शिक्षा विभाग तथा मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, उर्दू निदेशालय के निदेशक मो0 परवेज आलम सहित अन्य वरीय अधिकारीगण, नियुक्ति पत्र पानेवाले सहायक उर्दू अनुवादक एवं उनके परिजन उपस्थित थे जबकि वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिलों के जिलाधिकारी, नियुक्ति पत्र पानेवाले सहायक उर्दू अनुवादक, उनके परिजन एवं गणमान्य व्यक्ति जुड़े हुये थे।

******